राष्ट्रीय शोधार्थी समागम

वादे वादे जायते तत्वबोधः

NRM-2026

NATIONAL RESEARCHERS MEET 2026

an initiative to

Collaborative Research for Resurgence of Bharat

12-14 February 2026
Bhopal, M.P.

Organiser

Dattopant Thengadi Shodh Sansthan

(Recognised Institute of ICSSR, Ministry of Education, Govt. of India, New Delhi)

Thengadi Bhawan, Bharatmata Chauraha (Depot Chowk), Bhopal, M.P.-462003

www.dtss.org.in | nrmdtss@gmail.com | 8815166717, 0755-2773098

Co-organisers

M.P. Council of Science & Technology

Department of Culture Government of Madhya Pradesh

IMPORTANT DATES

Last date of Registration : 25th December 2025

Last Date of Paper Submission : 15th January 2026

Scan Here To Registration

or

Registration can be done through Google form link:

https://share.google/tY77fr43iMqvAOhiG

Note: Online registration is free. Final Registration will be confirmed by Organising Secretary through email. Bank details will be shared along with the confirmation and invitation letter after the recommendation of the organising committee.

नोट: ऑनलाइन पंजीकरण निःशुल्क है। अंतिम पंजीकरण की पुष्टि आयोजन सचिव द्वारा ईमेल के माध्यम से की जाएगी। आयोजन समिति की अनुशंसा के बाद बैंक विवरण, पुष्टि पत्र और आमंत्रण पत्र के साथ साझा किए जाएंगे।

The continuous and unbroken flow of the Bhartiya knowledge tradition demonstrates that new research, grounded in Bharatiya perspectives, is the need of the hour for understanding and reinforcing the present-day Bharat. The Bharatiya intellectual tradition has always been grounded in experience, direct observation, practical experimentation and rational thought and these foundations have created a vast and rich repository of knowledge in numerous fields, including education, medicine, justice, mathematics, astronomy, agriculture and commerce. The principle of the Gita- **"न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते"**-succinctly underscores the superiority of knowledge and the necessity of research. The vast knowledge accumulated in ancient universities like Takshashila, Nalanda, Vikramshila, Ujjaini and Kashi still bear testimony to the multidisciplinary research tradition developed through the curiosity, penance, meditation and contemplation of Bharatiya sages.

The fundamental foundation of research in Bhartiya thought has been dialogue and the search for truth. The famous principle of the Nyaya tradition-**"वादे वादे जायते तत्त्वबोधः"**-clarifies that understanding of truth emerges through the process of debate, questioning, testing and dialogue. This very dialogicity has made Bharatiya philosophy of life research-oriented and has accepted truth as a continuous pursuit, contemplation and exploration. Bharatiya epistemology views truth as a light that emerges through the continuous processes of listening, contemplation, testing and introspection.

The Upanishads are considered the highest expression of this research perspective. The meaning of "Upanishad""to receive truth by sitting close"clarifies that knowledge is not merely information or statements, but the integrated result of experience, listening, contemplation and meditation. The Naimisharanya tradition of Sage Shaunak and the extensive knowledge sessions held there prove that the research tradition has essentially been a flowing stream of dialogue, meditation and philosophical inquiry, in which the attainment of truth was considered possible only through a combination of collective discussion and inner refinement.

Due to the profound colonial influence of the past two centuries, the modern research approach has partially obscured the originality of the Bharatiya method, but the fundamental structure of Bhartiya knowledge and science was so deep, natural and self-reliant that it has remained alive in the tradition. The in-depth research conducted by our rishi on grammar, medicine, astronomy, philosophy, politics, economics and social life is a direct proof that Bhartiya research was driven by its unique methodology, metaphysics and spiritual tradition. Bhartiya philosophy makes it clear that every dimension of existence is inseparable from one another-like the waves of the ocean, where each wave is an expression of the same vast mass of water. This non-dual vision provides Bharatiya research with a foundation of holistic, interconnectedness, and unity, rather than fragmented knowledge.

In this context, the establishment of the Dattopant Thengadi Sodh Sansthan becomes extremely meaningful and timely. The institute's objective is to reinstate research based on Bharatiya epistemology, bridge the gap between various disciplines and connect researchers with the fundamental Bharatiya tradition of dialogue, questioning, collaboration and curiosity. The National Researchers' Meet in Bhopal has been conceived to realize this goal. Its objective is to encourage thinking based on an Bharatiya perspective among researchers, increase the life-relevant application of research findings and by breaking free from colonial mindsets, revive a research perspective based on indigenous knowledge traditions.

भारतीय ज्ञान परंपरा का सतत और अखंड प्रवाह यह दर्शाता है कि वर्तमान भारत की समझ तथा उसके सुदृढ़ पुनर्निर्माण के लिए भारतीय दृष्टिकोण पर आधारित नये शोध-विमर्श, समय की महती आवश्यकता है। भारतीय बौद्धिक परंपरा सदैव अनुभव, प्रत्यक्ष निरीक्षण, व्यावहारिक प्रयोग और तर्कपूर्ण विचार पर आधारित रही है, और इन्हीं आधारों ने शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, गणित, खगोल, कृषि और वाणिज्य जैसे अनेक क्षेत्रों में ज्ञान का व्यापक और समृद्ध भंडार निर्मित किया। गीता का यह सिद्धांत—**न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते**—ज्ञान की उच्चता और अनुसंधान की अनिवार्यता को भलीभांति रेखांकित करता है। भारतीय ऋषियों की जिज्ञासा, तप, साधना और चिंतन से विकसित बहुविषयी शोध-परंपरा का प्रमाण तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, उज्जयिनी और काशी जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों में संचित विपुल ज्ञान-संरचनाएँ आज भी देती हैं।

भारतीय चिंतन में शोध का मूल आधार संवाद और सत्य की खोज रहा है। न्याय-परंपरा का प्रसिद्ध सिद्धांत—**वादे वादे जायते तत्त्वबोधः**—स्पष्ट करता है कि तत्व का बोध वाद-विवाद, प्रश्नोत्तर, परीक्षण और संवाद की प्रक्रिया से उद्भासित होता है। इसी संवादशीलता ने भारतीय जीवन-दर्शन को शोधपरक बनाया है तथा सत्य को एक निरंतर साधना, चिंतन और अन्वेषण के रूप में स्वीकार किया है। भारतीय ज्ञानमीमांसा सत्य को एक ऐसे प्रकाश की भाँति देखती है जो श्रवण, मनन, परीक्षण और आत्मानुशीलन की सतत प्रक्रियाओं से प्रकट होता है।

उपनिषद इसी शोध-दृष्टि की सर्वोच्च अभिव्यक्ति माने जाते हैं। 'उपनिषद' का अर्थ—'निकट बैठकर सत्य का ग्रहण करना'—स्पष्ट करता है कि ज्ञान केवल सूचना या कथन नहीं, बल्कि अनुभूति, श्रवण, मनन और निदिध्यासन का समन्वित परिणाम है। ऋषि शौनक की नैमिषारण्य परंपरा और वहाँ आयोजित होने वाले दीर्घ ज्ञान-सत्र यह प्रमाणित करते हैं कि भारतीय शोध-परंपरा मूलतः संवाद, साधना और तत्वान्वेषण की प्रवाहित धारा रही है, जिसमें सत्य की प्राप्ति सामूहिक विमर्श और आंतरिक परिष्कार के संयोग से ही संभव मानी गई।

विगत दो शताब्दी के गहरे औपनिवेशिक प्रभाव के कारण आधुनिक शोध-दृष्टि ने भारतीय पद्धति की मौलिकता को आंशिक रूप से ओझल अवश्य किया, किंतु भारतीय ज्ञान-विज्ञान की आधारभूत संरचना इतनी गहरी, स्वाभाविक और स्वनिर्भर थी कि वह परंपरा में सतत जीवित रही। हमारे ऋषियों द्वारा व्याकरण, चिकित्सा, खगोलशास्त्र, दर्शन, राजनीति, अर्थशास्त्र तथा सामाजिक जीवन पर किए गए गहन अनुसंधान इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि भारतीय शोध अपनी विशिष्ट पद्धति, तत्वमीमांसा और साधना-परंपरा से संचालित होता था। भारतीय दर्शन यह स्पष्ट करता है कि अस्तित्व का प्रत्येक आयाम एक-दूसरे से अविभक्त है—समुद्र की तरंगों की भाँति, जहाँ हर लहर उसी एक विराट जलराशि की अभिव्यक्ति है। यही अद्वैत-दृष्टि भारतीय शोध को खंडित ज्ञान के स्थान पर समग्रता, अंतर्संबद्धता और एकात्मता का आधार प्रदान करती है।

इन्हीं संदर्भों में दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान की स्थापना अत्यंत सार्थक और समयानुकूल बनती है। संस्थान का उद्देश्य भारतीय ज्ञानमीमांसा पर आधारित अनुसंधान को पुनर्स्थापित करना, विभिन्न अनुशासनों के मध्य विद्यमान अंतराल को कम करना, तथा शोधार्थियों को संवाद, प्रश्न, सहकार और जिज्ञासा की मूल भारतीय परंपरा से जोड़ना है। इसी लक्ष्य को साकार करने हेतु राष्ट्रीय शोधार्थी समागम की परिकल्पना की गई है। इसका ध्येय शोधार्थियों में भारतीय दृष्टि पर आधारित चिंतन को प्रोत्साहित करना, शोध-निष्कर्षों के जीवन-सापेक्ष उपयोग को बढ़ाना, तथा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होकर स्वदेशी ज्ञान-परंपरा पर आधारित शोध-दृष्टि को पुनर्जीवित करना है।

National Researchers Meet - 2026

The National Researchers Meet is not merely an academic conference, but a visionary national initiative to promote research, grounded in Bharatiya thought, values, traditions and knowledge culture. Its objective is to provide a common platform for researchers and scholars from across the country to find collective solutions to contemporary research challenges through dialogue, exchange, and collaboration. This three-day event will foster multidisciplinary collaboration, opening new vistas of cooperation, innovation and shared learning. Its central vision is to ensure research remains rooted in Bharatiya tradition, to align research priorities with "*Viksit Bharat 2047*" and to expand quality, rigor and participation in research.

This three-day scholarly gathering, organised by the Dattopant Thengadi Sodh Sansthan, Bhopal, from 12–14 February 2026, provides an important platform for encouraging multidisciplinary collaboration, Bharat-centric research, appropriate integration of Bharatiya knowledge traditions, modernisation of research methodologies and expansion of national research capacity in line with the vision of a viksitBharat 2047. In the spirit of NEP-2020, this meet strengthens quality, rigor and cooperative partnerships among researchers by incorporating new technologies, digitisation and innovation into the research process. This gathering will prove to be a decisive contributor to building a comprehensive, integrated, and forward-looking research culture in the country by connecting Bharatiya knowledge streams with modern research needs.

Key Objectives

1. Strengthening culture of multidisciplinary dialogue and knowledge sharing

Bringing together researchers, experts and institutions from various disciplines on a common intellectual platform to encourage dialogue, discussion and collaboration-based knowledge creation.

2. Developing Bharat-Centred and Society-Relevant Research Paradigm

Setting a research agenda centred on Bharatiya society, economy, culture, rural realities and contemporary challenges, so that research outcomes become more relevant, contextualised and people-oriented.

3. Integration of Bharatiya Knowledge Traditions and Modern Science

Developing a holistic Bharatiya knowledge framework by combining Bharatiya knowledge sources such as philosophy, mathematics, medicine, environmental knowledge and art traditions with contemporary science, technology and research methodologies.

4. Developing Long-Term Research Strategy for viksit Bharat 2047

Identifying, guiding and developing a strategic research roadmap aligned with national priorities, future needs and emerging global landscapes.

राष्ट्रीय शोधार्थी समागम: 2026

राष्ट्रीय शोधार्थी समागम मात्र एक शैक्षणिक सम्मेलन नहीं, बल्कि भारतीय चिंतन, मूल्य परंपरा और ज्ञान संस्कृति पर आधारित अनुसंधान संवर्धन की एक दूरदर्शी राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य देशभर के शोधार्थियों एवं विद्वानों को ऐसा साझा मंच प्रदान करना है, जहाँ संवाद, विचार विनिमय और सहकारिता के माध्यम से समकालीन अनुसंधान चुनौतियों का सामूहिक समाधान खोजा जा सके। यह त्रिदिवसीय आयोजन बहुविषयी सहभागिता को बढ़ावा देते हुए सहयोग, नवोन्मेष और साझा अधिगम के नए आयाम उद्घाटित करेगा। इसकी केंद्रीय दृष्टि यह है कि अनुसंधान भारतीय परंपरा की जड़ों से जुड़ा रहे, 'विकसित भारत 2047' के अनुरूप शोध प्राथमिकताएँ निर्धारित हों, तथा अनुसंधान कर्म में गुणवत्ता, गंभीरता और सहभागिता का विस्तार हो।

12 से 14 फरवरी 2026 तक दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान, भोपाल द्वारा आयोजित यह त्रिदिवसीय विद्वत संगम बहुविषयी सहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए भारत केंद्रित अनुसंधान, शोध में भारतीय ज्ञान परंपरा के समुचित समावेश, शोध पद्धतियों का आधुनिकीकरण, तथा विकसित भारत 2047 की दृष्टि के अनुरूप राष्ट्रीय शोध क्षमता के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना पर आधारित यह आयोजन नई प्रौद्योगिकियों, डिजिटलीकरण और नवाचार को अनुसंधान प्रक्रिया में समाहित करते हुए शोधकर्ताओं के मध्य गुणवत्ता, गंभीरता और सहकारी साझेदारी को सुदृढ़ बनाता है। यह समागम भारतीय ज्ञान धारा को आधुनिक शोध आवश्यकताओं से जोड़ते हुए देश में एक व्यापक, समन्वित और भविष्योन्मुख अनुसंधान संस्कृति के निर्माण की दिशा में निर्णायक योगदान देने वाला सिद्ध होगा।

प्रमुख उद्देश्य

1. बहुविषयी संवाद एवं ज्ञान-संवाद की संस्कृति को सुदृढ़ करना

विभिन्न अनुशासनों के शोधार्थियों, विशेषज्ञों और संस्थानों को एक साझा बौद्धिक मंच पर लाकर संवाद, विमर्श और सहचर्या आधारित ज्ञान निर्माण को प्रोत्साहित करना।

2. भारत-केंद्रित एवं समाज-सापेक्ष अनुसंधान प्रतिमान का विकास

भारतीय समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, ग्रामीण वास्तविकताओं और समकालीन चुनौतियों को केंद्र में रखकर अनुसंधान कार्यसूची निर्धारित करना ताकि शोध परिणाम अधिक प्रासंगिक, संदर्भित और जनोन्मुख बनें।

3. भारतीय ज्ञान-परंपरा और आधुनिक विज्ञान का समन्वित एकीकरण

दर्शन, गणित, चिकित्सा, पर्यावरण ज्ञान, कला परंपरा आदि भारतीय ज्ञान स्रोतों को समकालीन विज्ञान, तकनीक और शोध पद्धतियों के साथ संयोजित कर एक समग्र भारतीय ज्ञान ढांचा विकसित करना।

4. विकसित भारत 2047 के लिए दीर्घकालिक अनुसंधान-रणनीति का निर्माण

राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, भविष्य की आवश्यकताओं और उभरते वैश्विक परिदृश्यों के अनुरूप शोध क्षेत्रों की पहचान, दिशा निर्धारण और रणनीतिक शोध मार्गदर्शिका तैयार करना।

5. Strengthening research quality, originality and methodological standards

Promoting high-quality research based on the scientific method, verifiable data, original ideas and authentic findings and ensuring ethical standards in the research process.

6. Effective use of innovation, digitisation and emerging technologies

Making research methods more efficient, thorough and authentic through data analytics, AI, machine learning, digital research tools and new technologies.

7. Building a collaborative ecosystem for the research community

Promoting research collaborations, joint projects, institutional partnerships and networking at the national and international levels to multiply knowledge creation.

8. Mentoring, capacity building and empowering young researchers

Providing expert guidance, resources, research opportunities, technical expertise and leadership skills to the younger generation so that they can lead the research landscape of the future.

9. Identify and expand untapped and emerging research areas

Explore and promote new research possibilities in areas such as sustainable development, socio-behavior, digital society, environmental change, cultural studies, new energy systems, etc.

10. Strengthen the role of research in policy-making and social change

Research will inform policy decisions, develop evidence-based models for governance and social reform and highlight the relevance of research to national development.

Call for Research Papers

Technical, review or research papers are invited for publication from any discipline of Social Sciences, Humanities, Arts, Laws, Science and Technology, Mass Communication, Language and Cultures and others related field of Resurgence of Bharat.

WHO SHOULD ATTEND

Educationalists, academicians, faculty members, research scholars, writers, and independent researchers with a keen interest in Bharat-centric studies and research.

5. शोध की गुणवत्ता, मौलिकता और पद्धतिगत मानकों को सशक्त बनाना

वैज्ञानिक पद्धति, सत्यापन योग्य डेटा, मौलिक विचारों और प्रामाणिक निष्कर्षों पर आधारित उच्च-गुणवत्ता वाले शोध को प्रोत्साहन देना तथा शोध प्रक्रिया में नैतिक मानकों को सुनिश्चित करना।

6. नवाचार, डिजिटलीकरण और उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रभावी उपयोग

डेटा एनालिटिक्स, AI, मशीन लर्निंग डिजिटल शोध उपकरणों और नई तकनीकों द्वारा अनुसंधान की विधियों को अधिक कुशल, गहन और प्रमाणिक बनाना।

7. शोध-समुदाय के लिए सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध सहयोग, संयुक्त परियोजनाएँ, संस्थागत साझेदारी और नेटवर्किंग को बढ़ावा देना ताकि ज्ञान सृजन बहुगुणित हो सके।

8. युवा शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन, क्षमतावर्धन और सशक्तिकरण

युवा पीढ़ी को विशेषज्ञ मार्गदर्शन, संसाधन, शोध अवसर, तकनीकी दक्षता और नेतृत्व कौशल उपलब्ध कराना, ताकि वे भविष्य के शोध परिदृश्य का नेतृत्व कर सकें।

9. अनछुए एवं उभरते अनुसंधान क्षेत्रों की पहचान और विस्तार

सतत विकास, सामाजिक व्यवहार, डिजिटल समाज, पर्यावरणीय परिवर्तन, सांस्कृतिक अध्ययन, नई ऊर्जा प्रणालियाँ आदि क्षेत्रों में नई शोध संभावनाओं का अन्वेषण और प्रोत्साहन।

10. नीति-निर्माण एवं सामाजिक परिवर्तन में शोध की भूमिका को सुदृढ़ करना

अनुसंधान के माध्यम से नीतिगत निर्णयों को तथ्य सम्मत बनाना, शासन एवं समाज में सुधार हेतु साक्ष्य आधारित मॉडल विकसित करना, तथा राष्ट्रीय विकास में शोध की प्रासंगिकता को रेखांकित करना।

शोधपत्र हेतु आमंत्रण

राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के केंद्रीय विषय 'भारत के पुनरुत्थान' से संबंधित शोधपत्र प्रकाशन हेतु आमंत्रित हैं। सामाजिक विज्ञान, मानविकी, कला, विधि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जनसंचार, भाषा एवं संस्कृति संबंधी विषयों में ऐसे शोध पत्र जो भारत की ज्ञान परंपरा को परिलक्षित करते हों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक हों।

सहभागिता

शिक्षाविद, संकाय सदस्य, अनुसंधानकर्ता, लेखक और स्वतंत्र शोधकर्ता तथा भारत केंद्रित अनुसंधान के क्षेत्र में गहरी रुचि रखने वाले अध्येता राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में सहभागिता कर सकते हैं।

Sub-themes for Research Papers

1. Viksit Bharat 2047: Civilisational Awareness, Indigenous Thought and National Development Paradigms

- Policy Frameworks for 2047 based on the Bharatiya Development Vision
- Indigenous Knowledge Structures and New Development Economics
- The Role of the Academic Field in Viksit Bharat 2047
- An Integrated Model of Civilisational Values and Technological Innovation

2. Bhartiya Research Vision, Civilisational Self-Awareness and Liberation from Colonial Knowledge Structures

- Bharatiya Epistemology, Logic, and Research Methodology
- Post-Colonial Studies and Decolonial Research Models
- Research Extension in Indigenous Languages: Policy and Practice
- Development of Concepts, Theories and Educational Framework based on the Bharatiya Context

3. Indigenous Knowledge, Vedic Scientific Traditions and the Bharatiya concept of Sustainable Development

- Indigenous Technology, Environmental Ethics and Natural Balance
- Vedic Mathematics, Astronomy, Medicine and Contemporary Research
- Water, Forest and Land Management The Bharatiya Model: Policy-Enabled Transformation
- Comparative Academic Study of the SDGs and the Bharatiya Environmental Vision

4. Rereading Bharatiya History, Cultural Traditions and National Narratives and New Pedagogical Paradigms

- Bhartiya Methods of Historiography and Re-evaluation of Primary Sources
- Cultural Axis, Social Structure and the Transition of Bharatiya Society
- Reconstruction of Civilizational Narratives: Analysis of Myths, Memories and Folk Traditions
- Re-examination of Colonial Narratives and Research-Based Framework for National History

5. Bharatiya Philosophy of Life, Holistic Humanism and Social Development

- Social and Ethical Frameworks Based on Dharma-Artha-Kama-Moksha
- Bharatiya Psychology, Consciousness Studies and the Holistic Health Model
- Social Harmony, Family-Religion and Human-Centered Policymaking
- Interdisciplinary Studies of Bharatiya Philosophy of Life and Contemporary Social Sciences

शोध पत्रों के लिए उप विषय

1. विकसित भारत 2047 : सभ्यतागत बोध, स्वदेशी चिंतन और राष्ट्रीय विकास-प्रतिमान

- भारतीय विकास-दृष्टि पर आधारित 2047 के लिए नीति-ढाँचे
- स्वदेशी ज्ञान-संरचनाएँ और नव-विकास अर्थशास्त्र
- विकसित भारत 2047 में अकादमिक क्षेत्र की भूमिका
- सभ्यतागत मूल्यों और तकनीकी नवाचार का एकीकृत मॉडल

2. भारतीय शोध-दृष्टि, सभ्यतागत आत्मबोध और औपनिवेशिक ज्ञान-संरचनाओं से विमुक्ति

- भारतीय ज्ञानमीमांसा, तर्कशास्त्र और शोध-पद्धति
- उपनिवेशोत्तर अध्ययन और डिकॉलोनियल रिसर्च मॉडल
- स्वदेशी भाषाओं में शोध-विस्तार : नीति और व्यवहार
- भारतीय संदर्भ आधारित अवधारणाओं, सिद्धांतों और शैक्षिक ढाँचों का विकास

3. देशज ज्ञान, वैदिक वैज्ञानिक परंपराएँ और सतत विकास की भारतीय अवधारणा

- देशज तकनीक, पर्यावरण नैतिकता और प्राकृतिक संतुलन
- वैदिक गणित, खगोल, चिकित्सा और समकालीन अनुसंधान
- जल-वन-भूमि प्रबंधन के भारतीय मॉडल : नीति-समर्थित रूपांतरण
- SDGs और भारतीय पर्यावरण-दृष्टि का तुलनात्मक अकादमिक अध्ययन

4. भारतीय इतिहास, सांस्कृतिक परंपराएँ और राष्ट्रीय आख्यानों का पुनर्पाठ एवं नए शैक्षणिक प्रतिमान

- इतिहास-लेखन की भारतीय पद्धतियाँ और प्राथमिक स्रोतों का पुनर्मूल्यांकन
- सांस्कृतिक अक्ष, सामाजिक संरचना और भारतीय समाज का परिवर्तन-क्रम
- सभ्यतागत आख्यानों की पुनर्रचना : मिथकों, स्मृतियों और लोक-परंपराओं का विश्लेषण
- उपनिवेशवादी आख्यानों की पुनर्समीक्षा और राष्ट्रीय इतिहास का पुनर्रचनात्मक अध्ययन

5. भारतीय जीवन-दृष्टि, समग्र मानववाद और समाज-विकास की शोध-आधारित रूपरेखा

- धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष पर आधारित सामाजिक और नैतिक ढाँचे
- भारतीय मनोविज्ञान, चेतना-अध्ययन और समग्र स्वास्थ्य मॉडल
- सामाजिक समरसता, कुटुम्ब-धर्म और मानव-केंद्रित नीति निर्माण
- भारतीय जीवन-दर्शन और समकालीन समाज-विज्ञान के अंत:विषयी अध्ययन

6. Community, Self-Governance and Public Participation: Bharat-Centric Governance Models and Development Policies

- Bharatiya Models of Gram Swaraj, Local Governance and Self-Reliance
- Community Leadership, Social Capital and Participatory Administration
- Comparative Studies of Tribal Governance Systems
- Community-Based Environment and Resource Management

7. Bharatiya Education Vision, NEP 2020 and a Value-Based Multidisciplinary Knowledge Council

- Bharatiya Pedagogy: Oral Tradition, Skill-Based Learning and Experiential Science
- Institutional Integration of Bharatiya Knowledge Systems (IKS) in NEP 2020
- Bharatiya Framework for Mother Tongue, Classroom Teaching and Academic Research
- Value Education, Yoga, Ethics and Global Challenges in Education

8. Academic Evaluation of Agriculture-Based Self-Reliance, Village Power and an Economy Based on Indigenous Technology

- Agricultural Scientific Traditions: Seed Culture, Land Management and Organic Nutrition
- Research-Based Rural Innovation and Local Technologies Analysis
- Natural Farming, Rural Industries and Economic Self-Reliance
- Re-evaluating Agricultural Policies from an Bharatiya Perspective

9. Bharatiya Art, Culture, Yoga, Ayurveda and Psychology: Global Discourses and Research Trends

- Bharatiya Art and Cultural Discourses: Globalisation and Tradition
- Yoga and Ayurveda: Science, Health and Global Acceptance
- Bharatiya Psychology and the Holistic Consciousness Model
- Studying the Soft Power Potential of Bharatiya Knowledge and Culture

10. Bharatiya Values, Family Culture and Family Enlightenment: Research Models for Social Stability

- Bharatiya Family Structure and Moral-Based Social Institutions
- Values, Traditions, Character Building and Social Solidarity
- Dialogue, Coexistence and Conflict Resolution Models in Family Life
- The Role of Policy Reform and Research in Building a Value-Based Society

6. सामुदायिकता, स्वशासन और जन-भागीदारी: भारत-केंद्रित शासन मॉडल और विकास-नीतियाँ

- ग्राम-स्वराज, स्थानीय शासन और आत्मनिर्भरता के भारतीय मॉडल
- सामुदायिक नेतृत्व, सामाजिक पूंजी और सहभागी प्रशासन
- जनजातीय शासन-व्यवस्थाओं का तुलनात्मक अध्ययन
- समुदाय-आधारित पर्यावरण और संसाधन प्रबंधन

7. भारतीय शिक्षा-दृष्टि, NEP 2020 और मूल्याधिष्ठित बहुविषयी ज्ञान-परिषद

- भारतीय शिक्षण-पद्धतियाँ : वाचिक परंपरा, कौशल-आधारित अधिगम और अनुभवजन्य शास्त्र
- NEP 2020 में भारतीय ज्ञान-प्रणाली (IKS) का संस्थागत समन्वय
- मातृभाषा, कक्षा-शिक्षण और अकादमिक अनुसंधान का भारतीय फ्रेमवर्क
- शिक्षा में मूल्य-शिक्षा, योग, नीतिशास्त्र और वैश्विक चुनौतियाँ

8. कृषि-आधारित स्वावलंबन, ग्राम-शक्ति और देशज तकनीक पर आधारित अर्थव्यवस्था का अकादमिक मूल्यांकन

- कृषि-वैज्ञानिक परंपराएँ : बीज-संस्कार, भूमि-प्रबंधन और जैविक पोषण
- ग्रामीण नवाचार और स्थानीय प्रौद्योगिकियों का शोध-आधारित विश्लेषण
- प्राकृतिक खेती, ग्रामीण उद्योग और आर्थिक स्वावलंबन
- कृषि नीतियों का भारतीय दृष्टि से पुनर्मूल्यांकन

9. भारतीय कला, संस्कृति, योग-आयुर्वेद और मनोविज्ञान : वैश्विक विमर्श और अनुसंधान-प्रवृत्तियाँ

- भारतीय कला एवं सांस्कृतिक विमर्श : वैश्वीकरण और परंपरा
- योग और आयुर्वेद : विज्ञान, स्वास्थ्य और वैश्विक स्वीकार्यता
- भारतीय मनोविज्ञान और समग्र चेतना-मॉडल
- भारतीय ज्ञान-संस्कृति की सार्वभौमिक क्षमता का अध्ययन

10. भारतीय मूल्य-व्यवस्था, परिवार-संस्कार और कुटुम्ब-प्रबोधन : सामाजिक स्थिरता के शोध-प्रतिमान

- भारतीय परिवार संरचना और नैतिक-आधारित सामाजिक संस्थाएँ
- संस्कार-परंपरा, चरित्र-निर्माण और सामाजिक एकजुटता
- कुटुम्ब-जीवन में संवाद, सह-अस्तित्व और संघर्ष-निवारण प्रतिमान
- मूल्य-आधारित समाज-निर्माण में नीतिगत सुधार और शोध की भूमिका

Guidelines For Paper Submission

- The paper must correspond to be relevant theme of the meet.
- Paper should include four major sections: the Title, Abstract, Main Body, and References.
- Paper should not exceed 3000 words with an Abstract between 150 and 250 words.
- Paper should be typed and double-spaced on standard-sized paper, 'Letter' (8.5" x 11"), with 1" margins on all sides. All pages should be numbered in the upper right-hand corner.
- The paper in English language must be typed in 12/16 pt. Times New Roman font size in MS Word format.
- The Paper in Hindi language must be in 14 pt. Unicode font size in MS Word format.
- The title of the paper should be centered on the page with your name and institution underneath.
- Authors have to submit an undertaking for the originality of their papers. All papers will be screened for plagiarism. As a matter of policy, the acceptable Similarity Extent would be up to 10%.
- Paper is to be submitted at email ID, nrmdtss@gmail.com with subject.
- The expert recommended papers will be published in PEER REVIEWED Journals and reputed journals or as chapters in a book with an ISBN.
- Papers not selected for publication for the above options may be published independently by the authors.

All rights regarding publication of research papers will remain with the Dattopant Thengadi Shodh Sansthan, Bhopal.

REGISTRATION DETAILS

REGISTRATION FEE	
Faculty / Officials with Accommodation	1500/-
Faculty / Officials without Accommodation	1000/-
Research Scholars / Students / Freelancer with Accommodation	700/-
Research Scholars / Students / Freelancer without Accommodation	500/-

Last date of Registration - 25th December 2025

Last Date of Paper Submission : 15th January 2026

Online registration is free. Final Registration will be confirmed by Organising Secretary through email. Bank details will be shared along with the confirmation and invitation letter after the recommendation of the organising committee. There will not be any Spot Registration. Registration Fee includes food and accommodation from 12th February 2026 (morning) to 14th February 2026 (evening). Separate Fee of Rs. 1000/- is chargeable from accompanying spouse and children above 10 years of age. Organisers will not be responsible for accommodation and food of any accompanying person other than spouse and children. Registration Fee cannot be refunded. The conference kit and certificate will be given to registered delegates only.

शोधपत्र हेतु दिशानिर्देश

- शोधपत्र भारत के पुनरुत्थान को प्रतिबिंबित करने वाला तथा समागम के अनुरूप होना चाहिए।
- शोधपत्र में चार प्रमुख खंड शामिल होने चाहिए : शीर्षक, सारांश, मुख्य भाग तथा संदर्भ।
- शोधपत्र 3000 शब्दों से अधिक न हो तथा सारांश 150 से 250 शब्दों के बीच होना चाहिए।
- शोधपत्र को मानक आकार के पेपर, 'लेटर' (8.5×11"5) पर टाइप किया जाना चाहिए और डबल स्पेस किया जाना चाहिए, जिसमें सभी तरफ 1" मार्जिन हो। सभी पृष्ठों को ऊपरी दाएं कोने में क्रमांकित किया जाना चाहिए।
- शोधपत्र एमएस वर्ड प्रारूप (अंग्रेजी में) में 12/16 पॉइंट टाइम्स न्यू रोमन फॉन्ट तथा (हिंदी में) में 14 पॉइंट यूनिकोड फॉन्ट में होना चाहिए।
- शोधपत्र का शीर्षक पृष्ठ के केंद्र में होना चाहिए और उसके नीचे आपका नाम और संस्थान का उल्लेख आवश्यक है।
- लेखकों को अपने शोधपत्र की मौलिकता के लिए एक वचनबद्धता प्रस्तुत करनी होगी। सभी शोधपत्रों की साहित्यिक चोरी (प्लैगरिज्म) की जाँच की जाएगी। नीति के अनुसार, स्वीकार्य समानता सीमा 10% तक होगी।
- शोधपत्र को विषय के साथ ईमेल आईडी nrmdtss@gmail.com पर भेजना होगा।
- विशेषज्ञ द्वारा अनुशंसित शोधपत्र पीयर रिव्यूड जर्नल और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में या पुस्तक में अध्याय के रूप में प्रकाशित किए जाएंगे।

उपरोक्त विकल्पों के अंतर्गत प्रकाशन हेतु चयनित नहीं होने पर शोधपत्र लेखकों द्वारा स्वतंत्र रूप से प्रकाशित किए जा सकेंगे। शोधपत्रों के प्रकाशन से संबंधित सभी अधिकार दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान, भोपाल के पास रहेंगे।

पंजीयन विवरण

पंजीयन शुल्क	
संकाय सदस्य / अधिकारी/ अन्य (आवास सहित)	1500/-
संकाय सदस्य / अधिकारी/ अन्य (आवास के बिना)	1000/-
शोधछात्र / विद्यार्थी/ स्वतंत्र अन्वेषक (आवास सहित)	700/-
शोधछात्र / विद्यार्थी/ स्वतंत्र अन्वेषक (आवास के बिना)	500/-

पंजीयन की अंतिम तिथि - 25 दिसंबर 2025

शोध पत्र भेजने की अंतिम तिथि : 15 जनवरी 2026

ऑनलाइन पंजीकरण निःशुल्क है। अंतिम पंजीकरण की पुष्टि आयोजन सचिव द्वारा ईमेल के माध्यम से की जाएगी। आयोजन समिति की अनुशंसा के बाद बैंक विवरण, पुष्टि-पत्र और आमंत्रण-पत्र के साथ साझा किए जाएंगे। स्थलीय पंजीयन की सुविधा नहीं रहेगी। पंजीयन शुल्क में 12 फरवरी 2026 (सुबह) से 14 फरवरी 2026 (शाम) तक भोजन और आवास शामिल है। साथ आने वाले पति-पत्नी और 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों से 1000/- रुपये का अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। आयोजक पति-पत्नी और बच्चों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के आवास और भोजन के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। पंजीयन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। समागम के दौरान किट और प्रमाण पत्र केवल पंजीकृत / अधिकृत प्रतिभागियों को ही दिए जाएंगे।

DATTOPANT THENGADI SHODH SANSTHAN

Dattopant Thengadi Shodh Sansthan (DTSS), established in 2011 and registered under the Madhya Pradesh Societies Registration Act, 1973, is a leading research and academic centre in Central India. The institute has earned a distinct reputation for its high quality, originality, and multidisciplinary perspective in the fields of Social Sciences, Humanities, Oral Traditions, and Cultural Studies. To revive the Indian knowledge tradition and indigenous knowledge systems, the institute promotes both theoretical and applied research, while also making significant intellectual contributions to policy discourse, analysis of developmental processes, and socio-economic advancement. Since 2024, it has been recognized as a national-level research institute by the Indian Council of Social Science Research (ICSSR), Ministry of Education, Government of India, placing it among the country's premier research centres.

NITTTR, BHOPAL

National Institute of Technical Teachers Training and Research (NITTTR), Bhopal, was established in 1965 by the Ministry of Education, Government of India, with the objective of enhancing the quality of technical education and teacher training. The institute specializes in areas such as technical teaching, curriculum development, laboratory-based training, industry–institution internships, management of technical institutions, entrepreneurship development, examination reforms, student assessment, educational project management, multimedia resource development, and community development. After being upgraded by the Government of India in 2003, it evolved from a regional institute into a national resource institution. With state-of-the-art facilities, strategic networking, and collaboration with centres of excellence, NITTTR Bhopal has introduced numerous innovations in technical education and has successfully and timely completed several significant projects for various institutions.

MAPCST

M.P. Council of Science & Technology (MPCST), established in October 1981 under the MP Society Registration Act, 1973, is the apex autonomous body of the Department of Science & Technology, Government of Madhya Pradesh. Headquartered at Vigyan Bhawan, Bhopal, the Council is led by the Director General, who also serves as the Scientific Advisor to the State Government.

The Council works to identify and promote the application of Science and Technology for the socio-economic development of the state, especially addressing backwardness, unemployment, and poverty in rural and disadvantaged communities, including SCs, STs, landless labourers, artisans, small and marginal farmers, and women. Its key objective is to initiate, support, and coordinate research and development projects across various institutions to effectively utilize the state's natural resources and achieve targeted developmental outcomes.

दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान

दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान (DTSS), 2011 में स्थापित और मध्य प्रदेश सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1973 के अंतर्गत पंजीकृत, मध्य भारत का एक अग्रणी शोध एवं शैक्षणिक केंद्र है। सामाजिक विज्ञान, मानविकी, वाचिक परंपरा और सांस्कृतिक अध्ययन के क्षेत्र में अपनी उच्च गुणवत्ता, मौलिकता और बहुविषयक दृष्टि के लिए संस्थान ने विशिष्ट प्रतिष्ठा अर्जित की है। भारतीय ज्ञान परंपरा और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के पुनरुत्थान हेतु यह संस्थान सैद्धांतिक तथा अनुप्रयुक्त अनुसंधान को प्रोत्साहित करता है, साथ ही नीतिगत विमर्श, विकास प्रक्रियाओं के विश्लेषण और सामाजिक आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण बौद्धिक योगदान देता है। वर्ष 2024 से यह भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तरीय संस्थान है, जो इसे देश के अग्रिम शोध केंद्रों की पंक्ति में स्थापित करता है।

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), भोपाल की स्थापना 1965 में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा तकनीकी शिक्षा और शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। संस्थान तकनीकी शिक्षण, विषय वस्तु विकास, प्रयोगशाला आधारित प्रशिक्षण, उद्योग संस्थान इंटर्नशिप, तकनीकी संस्थानों का प्रबंधन, उद्यमिता विकास, परीक्षा सुधार, छात्र मूल्यांकन, शैक्षिक परियोजना प्रबंधन, मल्टीमीडिया संसाधन विकास तथा सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखता है। 2003 में भारत सरकार द्वारा उन्नयन के बाद यह क्षेत्रीय दायरे से निकलकर राष्ट्रीय संसाधन संस्थान के रूप में विकसित हुआ। अत्याधुनिक संसाधनों, रणनीतिक नेटवर्किंग और उत्कृष्टता केंद्रों के सहयोग से NITTTR भोपाल ने तकनीकी शिक्षा में अनेक नवाचार प्रस्तुत किए हैं और विविध संस्थानों के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समयबद्ध और सफलतापूर्वक पूरा किया है।

म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद

मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, मध्य प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, जिसकी स्थापना 1981 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से राज्य के सतत विकास को अनुकूलित करने के उद्देश्य से की गई थी। परिषद के प्रमुख उद्देश्यों में उन क्षेत्रों की पहचान करना शामिल है जहाँ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इनपुट विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के विकास को गति दे सकते हैं, राज्य में वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षमताओं के विकास एवं सुधार में योगदान दे सकते हैं, राज्य के संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित कर सकते हैं तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हस्तक्षेपों के माध्यम से राज्य के आधुनिकीकरण को बढ़ावा दे सकते हैं।

VEER BHARAT NYAS

Veer Bharat Nyas, Bhopal, is an institution under the Department of Culture, Government of Madhya Pradesh. The Nyas is dedicated to serious research, study, fellowships, and scholarly inquiry focused on India's long and glorious tradition—from the Pre-Vedic, Vedic, and Post-Vedic periods to the eras of the Ramayana-Mahabharata, Mahavira, Gautam Buddha, Chandragupta Maurya, Chanakya, Adi Shankaracharya, the universal emperor Vikramaditya, as well as the Chola, Pallava, and Bhoja dynasties, the medieval period, the Bhakti era, and the era of resistance against foreign domination. It is committed to exploring and celebrating the legacy of India's timeless and radiant heroes, thinkers, philosophers, visionary sages, scholars, poets, writers, scientists, artists, and entrepreneurs, all of whom contributed to India's civilizational excellence.

MCU, Bhopal

Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism and Communication (MCNUJC) was established 34 years ago. Carrying forward the legacy of excellence, it is a leader and pioneer in Mass Communication, Electronic Media, Journalism, Advertising and Public Relations, Computer Applications, New Media, Library & Information Science, Communication Research and Management Education.

PATRONS

Shri Inder Singh Parmar
Hon'ble Minister
Department of Higher Education,
Technical Education & AYUSH
Government of Madhya Pradesh

Shri Ashok Kumar Pandey
Chairman
Dattopant Thengadi Shodh Sansthan

Dr. Shriram Tiwari
Cultural Advisor to the Hon'ble Chief Minister,
Government of Madhya Pradesh

Prof. (Dr.) Chandra Charu Tripathi
Director
National Institute of Technical Teachers' Training and Research (NITTTR), Bhopal

Prof. (Dr.) Anil Kothari
Director General
M.P. Council of Science & Technology,
Bhopal

Prof. (Dr.) Khem Singh Daheriya
Chairman
Madhya Pradesh Private University
Regulatory Commission

CONVENERS

Prof. Vijay Manohar Tiwari
Vice-Chancellor,
Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism,
Bhopal

Prof. (Dr.) Raj Kumar Acharya
Vice-Chancellor, Jiwaji University, Gwalior

Prof. (Dr.) Ruchi Ghosh Dastidar
Head, Department of Sociology,
Barkatullah University, Bhopal

Prof. (Dr.) Anandvardhan
Professor, Dr. B. R. Ambedkar University Delhi

Dr. Mukesh Kumar Mishra
Director, Dattopant Thengadi Shodh Sansthan

Dr. Prabhakar Pandey
Head, Alternative Education,
Sanchi University of Buddhist-Indic Studies

ORGANISING SECRETARY

Prof. (Dr.) Alpana Trivedi
Professor, PMC of Excellence
Govt. Hamidia College, Bhopal

वीर भारत न्यास

वीर भारत न्यास भोपाल, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन का अधिष्ठान है। न्यास, पूर्व वैदिक, वैदिक, उत्तर वैदिक, रामायण महाभारत काल, महावीर, गौतम बुद्ध, चंद्रगुप्त मौर्य, चाणक्य, शंकराचार्य, सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य युग, चोल, पल्लव, भोजराज, मध्ययुग, भक्तिकाल, पराधीनता के विरुद्ध सिंहनाद करते हुए भारत की सुदीर्घ परंपरा में कालजयी तेजस्वी नायकों, चिंतकों, दार्शनिकों, मंत्रद्रष्टा ऋषियों, मनीषियों, कवियों, लेखकों, वैज्ञानिकों, कलाकारों, उद्यमियों की गौरवगाथा और भारत उत्कर्ष पर केंद्रित गंभीर शोध, अनुसंधान, फैलोशिप तथा अध्ययन के लिए समर्पित है।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (MCNUJC) की स्थापना 34 वर्ष पूर्व हुई थी। उत्कृष्टता की अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए यह जनसंचार, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, कंप्यूटर अनुप्रयोग, नए मीडिया, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, संचार अनुसंधान और प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्रों में अग्रणी और मार्गदर्शक संस्था है।

संरक्षक मंडल

श्री इंदर सिंह परमार
माननीय मंत्री
उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष म.प्र. शासन

श्री अशोक कुमार पाण्डेय
अध्यक्ष, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान

डॉ. श्रीराम तिवारी
सांस्कृतिक सलाहकार
माननीय मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश शासन

प्रो. (डॉ.) चन्द्र चारु त्रिपाठी
निदेशक, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं
अनुसंधान संस्थान, भोपाल

प्रो. (डॉ.) अनिल कोठारी
महानिदेशक
मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल

प्रो. (डॉ.) खेमसिंह डहेरिया
अध्यक्ष
मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग

संयोजक मंडल

प्रो. विजय मनोहर तिवारी
कुलगुरु, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रो. (डॉ.) राज कुमार आचार्य
कुलगुरु, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रो. (डॉ.) रुचि घोष दस्तीदार
अध्यक्ष, समाजशास्त्र, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रो. (डॉ.) आनंदवर्धन
आचार्य, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली

डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा
निदेशक, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान

डॉ. प्रभाकर पाण्डेय
अध्यक्ष, वैकल्पिक शिक्षा, साँची बौद्ध - भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय

आयोजन सचिव

प्रो. (डॉ.) अल्पना त्रिवेदी
प्राध्यापक, पीएमसी एक्सीलेंस
शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल

ADVISORY BOARD

Prof. (Dr.) Padma Shri J. K. Bajaj
Director
Center for Policy Studies, Chennai

Dr. Umesh Chandra Sharma
President Indian Veterinary Council, Delhi

Prof. (Dr.) V. K. Malhotra
Chairman
Madhya Pradesh Food Commission

Prof. (Dr.) Sanjeev Kumar Sharma
Secretary-General
Indian Political Science Association, Meerut

Prof. (Dr.) S. Surya Prakash
Vice-Chancellor
National Law University, Bhopal

Prof. (Dr.) Vaidyanath Labh
Vice-Chancellor
Sanchi University of Buddhist-Indic Studies

Prof. (Dr.) Ashutosh Kumar Singh
Director
Indian Institute of Information Technology (IIIT), Bhopal

Prof. (Dr.) S. K. Jain
Vice-Chancellor
Barkatullah University, Bhopal

Prof. (Dr.) Neerja Gupta
Vice-Chancellor
Gujarat University, Ahmedabad

Prof. (Dr.) Shriprakash Singh
Vice-Chancellor
H.N.B. Garhwal University, Uttarakhand

Prof. (Dr.) Ashish Pandey
Indian Institute of Technology (IIT), Mumbai

Prof. (Dr.) Rita Soni
Professor
Jawaharlal Nehru University, Delhi

Dr. Shrikrishna Jugnu
Renowned Indologist,
Udaipur, Rajasthan

Contact Persons

Shri Nishant Mishra :	6260186606
Shri Prasanna Shukla :	9144613755
Ms. Raksha Pandya :	8815166717
Ms. Vaishali Galeria :	9317770420

CORE TEAM

Dr. Tikendra Nath Verma
Associate Professor, Maulana Azad National Institute of Technology, Bhopal
Dr. Alka Singh
Assistant Professor, Regional Institute of Education, NCERT, Bhopal
Dr. Kulveer Singh Chauhan
Assistant Professor, Regional Institute of Education, NCERT, Bhopal
Dr. Vijay Kumar Mishra
Assistant Professor, Atal Bihari Vajpayee Hindi University, Bhopal
Shri Amarjeet Kumar
Assistant Director, Sanchi University of Budhhist-Indic Studies
Dr. Amit Soni
Assistant Professor, Atal Bihari Vajpayee Hindi University, Bhopal
Dr. Anupama Srivastava
Assistant Professor, VRG Girls' Postgraduate College, Gwalior
Shri Tarun Sen
Assistant Professor, Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism and Communication, Bhopal
Dr. Tripti Ukas
Assistant Professor, PMCOE Government Mahakoshal College, Jabalpur
Shri Rahul Singh Parihar
Programme Officer, National Service Scheme, Barkatullah University, Bhopal
Dr. Arpana Badal
Assistant Professor, Sarojini Naidu Girls' College, Bhopal
Dr. Sneha Khare
Assistant Professor, Sarojini Naidu Government P.G. College, Bhopal
Dr. Amit Kumar Dubey
Assistant Professor, Gujarat University, Ahmedabad
Dr. Nandkishore Patel
Assistant Professor, Maharaja Chhatrasal Bundelkhand University, Chhatarpur
Dr. Radha Mishra
Assistant Professor, Barkatullah University, Bhopal
Ms. Raksha Pandya
Editor, Dattopant Thengadi Shodh Sansthan, Bhopal
Shri Sandeep Rajak
Lecturer, Geetanjali College, Bhopal
Shri Shivam Sharma
Research Associate, Dattopant Thengadi Shodh Sansthan, Bhopal
Shri Vijay Rajvanshi
Research Assistant, Dattopant Thengadi Shodh Sansthan, Bhopal
Shri Prasanna Kumar Shukla
Research Scholar, National Law University, Bhopal
Shri Vivek Kumar
Research Scholar, Central University of Jammu, Jammu
Shri Prakhar Tripathi
Founder Director, X8 Design
Shri Ashutosh Malviya
Lecturer, Dr. Bhimrao Ambedkar Govt. College, Mahasamund, Chhattisgarh
Shri Nishant Kumar Mishra
Research Scholar, Indira Gandhi National Tribal University, Amarkantak
Shri Shivendra Pandey
Teacher, Sharda Vihar Residential School, Bhopal
Ms. Vaishali Galeria
Research Assistant, Dattopant Thengadi Shodh Sansthan, Bhopal

सलाहकार मंडल

प्रो. (डॉ.) पद्मश्री जे. के. बजाज
निदेशक, सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडीज, चेन्नई
डॉ. उमेश चंद्र शर्मा
अध्यक्ष, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली
प्रो. (डॉ.) वी. के. मल्होत्रा
अध्यक्ष, मध्य प्रदेश खाद्य आयोग
प्रो. (डॉ.) संजीव कुमार शर्मा
महासचिव, इंडियन पोलिटिकल साइंस एसोसिएशन, मेरठ
प्रो. (डॉ.) एस. सूर्य प्रकाश
कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, भोपाल
प्रो. (डॉ.) वैद्यनाथ लाभ
कुलगुरु, सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय
प्रो. (डॉ.) आशुतोष कुमार सिंह
निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल
प्रो. (डॉ.) एस.के. जैन
कुलगुरु, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
प्रो. (डॉ.) नीरजा गुप्ता
कुलगुरु, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
प्रो. (डॉ.) श्रीप्रकाश सिंह
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय गढ़वाल (उत्तराखंड)
प्रो. (डॉ.) आशीष पाण्डेय
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई
प्रो. (डॉ.) रीता सोनी
प्रोफेसर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली
डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू
प्रसिद्ध भारतविद्, उदयपुर, राजस्थान

संपर्क सूत्र

श्री निशांत मिश्र :	6260186606
श्री प्रसन्न शुक्ला :	9144613755
सुश्री रक्षा पंड्या :	8815166717
सुश्री वैशाली गुलेरिया :	9317770420

(संपर्क समय: प्रातः 10 बजे से सायं 7बजे तक)

आयोजन समिति

डॉ. टीकेन्द्र नाथ वर्मा
सह प्राध्यापक, मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल
डॉ. अलका सिंह
सहायक प्राध्यापक, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, एनसीईआरटी, भोपाल
डॉ.कुलवीर सिंह चौहान
सहायक प्राध्यापक, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, एनसीईआरटी, भोपाल
डॉ. विजय कुमार मिश्र
सहायक प्राध्यापक, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
श्री अमरजीत कुमार
सहायक निदेशक, सांची बौद्ध - भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, सांची
डॉ. अमित सोनी
सहायक प्राध्यापक, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल
डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव
सहायक प्राध्यापक, वीरांगना कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ग्वालियर
श्री तरुण सेन
सहायक प्राध्यापक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल
डॉ. तृप्ति उकास
सहायक प्राध्यापक, पीएमसीओई शासकीय महाकौशल कॉलेज, जबलपुर
श्री राहुल सिंह परिहार
कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
डॉ. अर्पणा बादल
सहायक प्राध्यापक, सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय, भोपाल
डॉ. स्नेहा खरे
सहायक प्राध्यापक, सरोजनी नायडू कन्या पी.जी. कॉलेज, भोपाल
डॉ. अमित कुमार दुबे
सहायक प्राध्यापक, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
डॉ. नन्दकिशोर पटेल
सहायक प्राध्यापक, महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर
डॉ. राधा मिश्रा
सहायक प्राध्यापक, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
सुश्री रक्षा पण्ड्या
संपादक, दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान, भोपाल
श्री संदीप रजक
व्याख्याता गीतांजलि महाविद्यालय, भोपाल
श्री शिवम शर्मा
रिसर्च एसोसिएट, दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान, भोपाल
श्री विजय राजवंशी
रिसर्च असिस्टेंट, दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान, भोपाल
श्री प्रसन्न कुमार शुक्ला
शोधार्थी, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, भोपाल
श्री विवेक कुमार
शोधार्थी, जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू
श्री प्रखर त्रिपाठी
फाउंडर निदेशक, एक्स 8 डिजाइन
श्री आशुतोष मालवीय
व्याख्याता, डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय कॉलेज महासमुंद, छत्तीसगढ़
श्री निशांत कुमार मिश्रा
शोधार्थी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक
श्री शिवेन्द्र पाण्डेय
आचार्य, शारदा विहार आवासीय विद्यालय, भोपाल
सुश्री वैशाली गुलेरिया
रिसर्च असिस्टेंट, दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान, भोपाल

RESEARCHERS
MEET
3 March, 2025

The glimpse of NRM 2025
Join us and make your own memories at NRM 2026